खबर संक्षेप

जींद पहुंचा आर्मी से रिटायर हुआ दूसरा टैंक

जींद। जिला प्रशासन द्वारा दो जगह पर सैन्य टैंक लगाने का काम किया जाएगा। शुक्रवार को आर्मी से रिटायर हुआ दूसरा सैन्य टैंक जींद पहुंचा। इस टैंक को डीसी कालोनी के मुख्य गेट के पास लगाया जाएगा। टैंक स्थापित करने के पीछे जींद प्रशासन की मंशा युवाओं को सेना में भर्ती होकर मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रेरित करना और शहर को नई लुक देने का है। डीसी अमित खत्री ने इसमें व्यक्तिगत रूचि दिखाते हुए सेना से मुफ्त में उसके रिटायर हुए दो टैंक जींद के लिए मंजूर करवाए हैं। इस समय शहर में जितने भी चौराहे हैं, उनमें किसी पर भी आर्मी का कोई रिटायर हुआ टैंक या बड़ी तोप आदि नहीं लगी है। पिछले महीने प्रशासन ने पटियाला चौक पर त्रिकोणा पार्क में टैंक स्थापित किया था।

इराक में हुई भिवानी के एक युवक की मौत

भिवानी। मूल रूप से भिवानी के रहने वाले एक युवक की इराक के मस्तक शहर में मौत हो गई। हालांकि मृतक के परिजनों को भारतीय दूतावास की तरफ से मिली सूचना में हृदयाघात मौत की वजह बताई गई हैं, लेकिन वास्तवित वजह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही खुलेंगी। भिवानी के हनुमान ढाणी पतराम गेट निवासी 35 वर्षीय करण सिंह करीबन दो साल पहले एक कम्पनी में बतौर कारपेंटर का कार्य करने के लिए ईराक के मस्तक शहर में गया था। मृतक के रिश्तेदार डीसी कॉलोनी निवासी पवन कुमार ने बताया कि उसका जीजा करण सिंह कारपेंटर का काम करता था। पतराम गेट क्षेत्र से ही कुछ युवक ईराक में काम करने गए थे, इसी वजह से वह भी वहां पर काम करने का इच्छुक था। उसे भी दो साल पहले ईराक में एक कम्पनी के अंदर कारपेंटर का काम मिल गया था। गत 4 सितम्बर को उसकी मौत की सूचना उन्हें मिली। उसकी मौत के बाद परिवार मातम में डूबा हुआ है। वहीं पवन कुमार ने बताया कि उनकी इंडियन एम्बैसी में बात हुई थी, शव को यहां लाने की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, लेकिन शुक्रवार को वहां अवकाश होने के कारण शव नहीं मिल पाया। संभवतः शव को भिवानी पहुंचने में दो दिन का समय लग सकता है।

राई : दुकान में लगी आग, सामान राख

राई। गांव मिमारपुर स्थित एक किरयाना व टायर पंक्चर की दुकान में शुक्रवार को आग लग गई। दुकान में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गांव मिमारपुर निवासी राजेश ने गांव में ही किरयाना व टायर पंक्चर की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार को वह जब पंक्चर लगा रहा था तो अचानक ही एक चिंगारी से दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग भड़क गई। उसने किसी तरह खुद को आग से बचाया। जब तक वह कुछ कर पाता आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। दुकान में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। टीम ने आग पर काबू पाया गया। आग में दुकान में रखा सामान जल कर राख हो गया।

खानक में सगे भाइयों को गोली मारी

हिसार। खानक में देर रात हुए झगड़े में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई जबकि उसका सगा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार गांव कंवारी निवासी हरपाल व उसका भाई चन्द्रपाल खानक में डम्पर चालक हैं। शुक्रवार की देर रात उनका बालावास तथा कंवारी गांव के ही युवकों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ जाने पर उन युवकों ने सगे भाइयों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और फरार हो गए। फायरिंग में घायल हुए हरपाल की अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई जबकि उसका भाई चन्द्रपाल गंभीर रूप से घायल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नूंह : चारा लेने खेत में गई थी तीनों, पैर फिसलने से हुआ हादसा

उजीना ड्रेन में डूबीं तीन युवतियां

खेत में गई थी तीनों बहनें गर्मी होने के कारण नहर के पास हाथ-पैर धोने आईं थीं। एक का पैर फिसला तो अन्य दोनों बचाने को कूदी पड़ी।

नूंह। उजीना ड्रेन से लड़कियों के शव निकालते ग्रामीण और तीनों युवतियों के शव। फोटो : हरिभूमि

कासिम खान ▶▶| नूंह

बिछोर गांव में उजीना ड्रेन में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे चारा लेने गई तीन महिलाएं पैर फिसलने की वजह से एक के बाद एक बहते पानी में गिर गई। बरसात की वजह से उजीना ड्रेन का पानी उफान पर है। ज्यादा पानी होने से युवतियां डूब गई। ग्रामीणों ने ड्रेन में उतर कर तलाशना शुरू किया। करीबी डेढ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों लड़कियों को ढूंढ लिया गया, लेकिन जब तक बहुत देर हो चुकी थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से गोताखोरों के लिए मदद मांगी, लेकिन कई घंटे बाद भी उजीना ड्रेन पर मदद के लिए कोई नहीं पहुंचा।

- **ग्रामीणों ने स्वयं अपने स्तर पर डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद ढूंढ निकाला, समय पर नहीं पहुंची प्रशासन के गोताखोरों की मदद**

तीनों सगी बहनें थीं

ग्रामीणों ने बताया कि चारा करते दौरान तीन सगी बहनों को गर्मी महसूस होने लगी तो वे खेत के समीप बह रही उजीना ड्रेन में पहुंच गई। एक ने हाथ-मुंह धोने के लिए पैर आगे बढ़ाया तो वह फिसल गई। उसे डूबता देख बाकि दो बहनों ने भी उसे बचाने के लिए छलांग लगा दी। तीनों बहनों ने एक साथ दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। घर से लेकर बिछोर गांव में एक साथ तीन लाश उठने से सन्नाटा पसरा है। मृतक युवतियों के नाम कल्लो, रुकमीना और सहरुना बताये जा रहे हैं। तीनों सुलेमान की लड़कियां हैं। मृतक युवतियों में दो शादीशुदा हैं। कई घंटे बाद बिछोर थाना प्रभारी सुरेश कुमार और तहसीलदार पुन्हाना घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा पोस्टमार्टम के लिए लेकर पहुंचे। ग्रामीणों ने बिना पुलिस कार्रवाई के मिट्टी देने की बात कही, लेकिन पुलिस ने किसी की एक नहीं सुनी। हादसे की खबर सुनते ही बिछोर गांव से लेकर आस पड़ोस गांव के लोगों की भीड़ लग गई।

टिकट को लेकर कहासुनी, युवक ने कंडक्टर के सिर में मारी दरांती

- **अस्पताल में भर्ती कराया इलाज के दौरान आए सिर में आए तीन टांके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव सिरोही बहाली बस स्टैण्ड पर एक युवक ने बस से उतरते समय परिचालक के सिर में दंराती मार दी और मौके से फरार हो गया। जबकि परिचालक दंराती लगने से खून में लथपथ होकर गिर गया। लोगों की मदद से उसे नांगल चौधरी के स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालक के चलते प्राथमिक उपचार के बाद हायर रेफर कर दिया। जिसके बाद उसे नागरिक

अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

भुंगारका के परिचालक सतीश यादव ने बताया कि वह नारनौल डिपो में परिचालक है। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे वह रायपुर बोर्डर से नारनौल की ओर आ रहा था। रास्ते में नांगल चौधरी बस स्टैंड पर एक युवक बस में चढ़ा। जब उसने युवक से टिकट के पैसे मांगे तो वह आनाकानी करने लगा और बातों बातों में बहस शुरू हो गई। सिरोही बहाली बस स्टैण्ड पर जब बस सवारी उतारने के लिए रोकी, तो युवक नीचे उतरकर गाली देने लगा। जब इसका विरोध किया तो युवक ने अपने थैले में से दंराती निकाली और सिर पर वार कर मौके से फरार हो गया। बस परिचालक ने बताया कि आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ के दौरान हमलावर की पहचान संदीप पुत्र राजकुमार निवासी सिरोही बहाली के रूप में की है। परिचालक ने इस बारे में पुलिस में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

पंचकूला: 14 मिनट में लाखों का सामान उड़ा ले गए चोर

पंचकूला। पंचकूला में दिनदहाड़े ही एक घर से चोर कई लाखों रुपये उड़ा कर फरार हो गए। चोरों ने महज 14 मिनट के अंदर पूरी वारदात को अंजाम दिया था। हालांकि पूरी वारदात सीसीटीवी फूटेज में कैद हो गई, जिसमें इन बदमाशों के चहरे भी नजर आ रहे है। यह बदमाश करीब 5 बजकर 12 मिनट पर घुसे और 14 मिनट में घर की सफाई करके चलते बने। हैरानी की बात तो यह है कि वारदात होने वाली जगह से एसीपी का ऑफिस सिर्फ 500 मीटर की दूरी पर है। इससे जाहिर होता है कि इन बदमाशों को किसी का खौफ नहीं है। दिनदहाड़े इस तरह की घटना को अंजाम देना इनके बुलंद इरादों को साफ दर्शाती है।

- **वारदात सीसी टीवी में हुई कैद**

डेंगू व मलेरिया के केसों ने उड़ाई विभाग की नींद

निसिंग। क्षेत्र में मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया रोग पैर पसारने लगा है। हाल ही में हुई मलेरिया के चार व ड़ेगू के दो मरीजों की पुष्टि ने स्वास्थ्य कर्मियों की नींद उड़ा दी। हांलाकि ड़ेगू के दोनों मरीजों की पुष्टि करनाल के नीजि हस्पतालों में उपचार के दौरान हुई है। जिसकी सूचना मिलते ही एसएमओ डा. राजेश जौहरी के नेतृत्व में गठित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीज के घर पहुंच डेंगू व मलेरिया के लारवे की जांच की। उन्होंने औंगद निवासी अरूण पुत्र जोगिंद्र के घर पानी की टंकी, कूलर, फ्रिज, मटके, हौंद व छत पर डाले जाने वाले टूटे फूटे सामान सहित अन्य जगहों पर लारवा जांचा। उन्होंने परिजनों को म छर जनित रोगों से बचाव हेतु सप्ताह में एक बार कूलर, फ्रीज व पानी की टंकी साफ करने की सलाह दी। वहीं करनाल के एक ओर नीजि हस्पताल ने निसिंग निवासी एक महिला प्रवेश कुमारी पत्नि कृष्ण को डेग़ू की पुष्टि की है। जो हाल में करनाल स्थानांतरित हुई है। वहीं क्षेत्र के गांव सांच में में मलेरिया का एक केस, बरास में एक व गोंदर में दो मरीजों का मलेरिया पाजिटीव पाया गया। स्वास्थ्य विभाग जिन्हें उपचार देने के साथ ही घरों व आसपास में स्वच्छता की सलाह दे रही है। डा. जौहरी ने बताया कि डेंगू व चिकनगुनिया ऐजिट इजप्टी नामक म छर के काटने से फैलता है।

जींद से लापता दो बहनें पानीपत में मिलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- **छोटी बहन ने लगाया दुष्कर्म करने का आरोप, दो युवकों पर केस दर्ज, एफआईआर पानीपत पुलिस को भेजी**

शहर थाना इलाके से गायब हुई दो बहनों को पुलिस ने पानीपत से बरामद कर लिया। गायब बहनों में से एक किशोरी ने आरोप लगाया कि एक युवक ने उसके साथ पानीपत में दुष्कर्म किया व उनकी फोटो भी खींची। महिला थाना पुलिस ने युवतियों के अभिभावक की शिकायत पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ अशील हरकत करने, चार पास्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत जीरो एफआईआर दर्ज कर पानीपत पुलिस को भेज दी है। शहर थाना इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत चार अगस्त को उसकी 18 वर्षीय बेटी तथा 15 वर्षीय भतीजी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर दोनों का कोई सुराग नहीं लगा। गत दिवस पुलिस ने दोनों को पानीपत से बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान सामने आया कि दोनों लड़कियों की बातचीत फोन पर युवकों से होती रहती थी। चार सितम्बर को दोनों लड़कियां युवकों से मिलने के लिए पानीपत चली गई। जहां पर उनके साथ अशील हरकत की गई ओर फोटो भी खींचे गए। 15 वर्षीय किशोरी ने आरोप लगाया कि एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला थाना पुलिस ने किशोरी के अभिभावक की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ अशील हरकत करने, चार पास्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत जीरो एफआईआर दर्ज कर पानीपत थाना में भेज दी।

सांसद रोड़ी का ड्राइवर तस्करी में पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से इनेलो सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी के ड्राइवर तरसेम सिंह को पंजाब के जिला बठिंडा में पुलिस ने 44 पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि तरसेम के अन्य साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शराब से लदी इनोवा गाड़ी को कब्जे में लिया है। उधर, सांसद रोड़ी ने कहा कि यह मामला उनसे जोड़कर न देखा जाए। शराब तस्करी में प्रयोग की गई की गई गाड़ी भी उनकी नहीं है।

बठिंडा सीआईए-2 को मुखबरी से सूचना मिली कि इनोवा गाड़ी में अवैध रूप से शराब लाई जा रही है। पुलिस ने नाकाबंदी कर दी। पुलिस ने इनोवा गाड़ी को रोका तो उसमें शराब लदी थी। पुलिस ने शराब मौके से तरसेम को काबू कर लिया जबकि उसका साथी भाग गया।

- **सांसद बोले : तरसेम ने सबके साथ विश्वासघात किया, मेरा मामले से कोई लेना-देना नहीं**

पुलिस मुताबिक रात को नाकेबंदी के दौरान इनोवा गाड़ी को रोका तो गाड़ी में शराब लदी हुई थी। पूछताछ में ड्राइवर ने खुद को सांसद चरणजीत रोड़ी का ड्राइवर बताया। पुलिस ने तरसेम को दबोच लिया, जबकि दूसरे फरार हो गए।

उधर, सांसद रोड़ी ने कहा कि तरसेम चार-पांच महीने पहले ही उनके पास आया था। गांव का होने के कारण परिजनों के कहने पर उन्होंने उसे गाड़ी पर रख लिया। हर रोज वह उन्हें छोड़कर घर चला जाता था, लेकिन सुबह जब उसकी मां आई तो उन्हें पता चला कि तरसेम तस्करी में पकड़ा गया है। तरसेम ने न केवल उनका, बल्कि परिजनों के साथ भी विश्वासघात किया है। इस मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है। सांसद ने यह भी जोड़ा कि यह तो ईश्वर की कृपा रही कि उनकी गाड़ी नहीं लेकर गया, नहीं तो और बदनामी करवाता, क्योंकि जो रात-दिन गाड़ी चलाता है उस पर विश्वास तो करना पड़ेगा।

व्यापारी से मारपीट कर रुपये छीने

फरीदाबाद। बैटरियों का स्क्रेप खरीदने वाले एक व्यापारी के साथ मारपीट कर 40 हजार रुपये छीनने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में छायंसा थाना पुलिस ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भाटिया कॉलोनी निवासी विजय बैट्रियों का स्क्रेप खरीद-फरोख्त का कारोबार करता है। छह सिंतबर को छायंसा थाना क्षेत्र के कई गांवों में स्क्रेप खरीदने गया था। उस दिन हीरापुर से स्क्रेप खरीदा था। जब वह गांव मोहना, देवी मंदिर हीरापुर रोड पर पहुंचा, तभी बाइक सवार युवक आया। उससे बोला कि वह पीछे भट्टे पर किसी को पीट कर आया है। उसने मुंह ढका हुआ था। उसने इंकार किया, फिर वह चला गया। कुछ समय बाद वह फिर वहीं आया और युवक की मारपीट की बात करने लगा।

शीघ्रपतन
स्त्री के सामने लज्जित होना
बचपन की गलतियां

जोश आने पर वीर्य (राल) का निकलना, निराश न हो, खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करें मनचाही इन्द्री वृद्धि, मनचाही यौन क्षमता, तुष्टि-पुष्टि संतुष्टि के लिए अभी फोन करें या आज ही मिलें।
स्थापित 1929
हाशमी दवाखाना
काज़ीज़ादा, अमरोहा
9027281900
9997161320

सैक्स वृद्धि

हर रात को बनायें यादगार पल
नसों की खराबी, शीघ्रपतन, नपुंसकता दूर करें। मनचाहा सैक्स टाइम प्राप्त करें।
फोन कर घर बैठे औषधिया मंगवायें
हाशमी दवाखाना अमरोहा-UP
09212358677
09015270020

पत्नी छोड़कर भागी तो पति ने फांसी लगा की आत्महत्या

फरीदाबाद। डबुआ कॉलोनी में बुधवार को 36 वर्षीय एक युवक ने पत्नी के चले जाने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की मां का आरोप है कि उसकी बहू और उसके साथ अन्य लोगों ने उसके बेटे को आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर दिया। पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें उसकी आत्महत्या के लिए उसकी पत्नी सहित कई लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुष्पा देवी ने बताया कि उसके बेटे रिंकू उर्फ राजेश उम्र 36 साल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीड़ित मां का आरोप है कि उसके बेटे की पत्नी मनीषा उसके बेटे को छोड़कर चली गई थी। वह साफ तौर पर कह गई कि वह राजेश के साथ नहीं रहकर सुनील के साथ रहेगी। पुलिस ने मृतक के पास से सुसाइड नोट बरामद किया। इसमें स्पष्ट तौर पर लिखा था कि उसकी मौत के लिए उसकी पत्नी मनीषा, सुनील, मुन्नी उर्फ अंजू, पप्पू, मनोज भाटी व अभिनन्दन पूरी तरह जिम्मेदार है। पुलिस ने पुष्पा देवी के बयान पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

THE HISAR CENTRAL CO-OPERATIVE BANK LTD., HISAR
Railway Road, Hisar. Tel. No. 01662-236984, Fax No. 01662-225205

PUBLIC NOTICE

"The Annual General Body Meeting of the Share Holders of the Hisar Central Cooperative Bank Ltd., Hisar will be held on 27.09.2018 at 11.00 A.M. in the premises of Head Office of the bank (situated on Railway Road, Hisar) to discuss the following agenda items :-

1. To confirm the processing of the last Annual General Body Meeting held on 27.09.2017.
2. To consider to approve Annual Report, Audited Balance Sheet and Profit and Loss account of the bank as on 31.3.2018.
3. To consider to approve Annual Business Plan of the bank for the year 2018-19.
4. To confirm the action of BODs regarding appointment of Statutory Auditors from the Panel of Chartered Accountants approved by NABARD for the year 2017-18.
5. To consider to enhance Authorised Share Capital of the bank from Rs. 75.00 Crores to 150.00 Crores and to adopt Govt. letter Endst No. 313-C-7-2016/.1643 dated 19.2.2016 regarding exempting Central Cooperative Banks in the State from provisions of Section 29(1b) of Haryana Cooperative Societies Act 1984 to the extent of raising Govt. contribution towards share capital exceeding 25% of their paid up share capital.
6. To consider to adopt to enhance face value of each share from Rs. 100/- to Rs. 500/- (Bye-Law No. 13).
7. Any other agenda items with the permission of the Chairman.

All the representatives of member cooperative societies of the bank are requested to attend the aforesaid meeting along with certified copy of resolution on scheduled date, time and venue. No separate notice will be served."

General Manager, The Hisar Central Cooperative Bank Ltd., Hisar

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय हरियाणा
DIRECTORATE OF URBAN LOCAL BODIES HARYANA
बे सं. 11-14, सैक्टर-4, पंचकूला, हरियाणा
Bay No. 11-14, Sector 4, Panchkula, Haryana
Tel.: +91 172 2570020: Fax: +91 172 2570021
Website: www.ulbhry.gov.in ; email: dulbhry@hry.nic.in

Walk in Interview

निदेशालय शहरी स्थानीय निकाय, हरियाणा, बेज नं. 11-14, सेक्टर-4 पंचकुला में चालक के एक रिक्त पद को सरकार की आउट सोर्सिंग पोलिसी के भाग 2 के अर्न्तगत अनुबन्ध आधार पर एक वर्ष के लिए या नियमित उम्मीदवार की नियुक्ति होने तक (जो भी पहले हो) भरने के लिए निम्न योग्यता रखने वाले उम्मीदवार दिनांक 12.09.2018 को प्रातः 10.00 बजे अपने बायोडाटा व योग्यता/अनुभव सम्बन्धी दस्तावेजों सहित **Walk in Interview** हेतु उपस्थित होने के लिए आमन्त्रित हैं:-

(i) Matric with Hindi or Sanskrit.
(ii) Should have a light/heavy valid driving licence atleast three years old.
(iii) Should have pass the driving test.
(iv) He should not be colour blind.
(v) Age 17 to 42 Years

वेतन : सरकार की आउटसोर्सिंग पोलिसी दिनांक 06-04-2015 के भाग 2 के अनुसार।

हस्ता/- संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा, पंचकुला
पीआरडीएच- 1143/11/76/1819/71332 दि. 07.09.18

हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

घोषणा

एतद् द्वारा उन उम्मीदवारों की जानकारी हेतु जिन्होंने 02.08.2018 को विभिन्न समाचार-पत्रों में प्रकाशित विज्ञा. सं. 3 के तहत एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) और अन्य सहायक सेवाओं परीक्षा - 2017 के पदों हेतु आवेदन किया था, आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि विभिन्न उम्मीदवारों के उनके शुल्क स्टेटस के गैर-पुष्टिकरण के सम्बन्ध में प्रतिवेदनों पर विचार करते हुये, जिसके कारण वे अपने आवेदन प्रपत्र प्रिंट नहीं कर सके, के उपरोक्त पदों हेतु आवेदन करने की तिथि 14.09.2018, 12:00 बजे अर्ध रात्रि तक बढ़ा दी गई है। *अतः शैक्षणिक योग्यताओं इत्यादि के सम्बन्ध में पात्रता आयु को छोड़कर 07.09.2018 के स्थान पर 14.09.2018 के अनुसार निर्धारित की जाएगी।*

यद्यपि उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा हरियाणा लोक सेवा आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर जमा आवेदनों पर केवल शुल्क भुगतान की पुष्टि के उपरांत विचार किया जाएगा। अतः उम्मीदवारों को अपने प्रपत्र शुल्क के भुगतान न करने के कारण निरस्तीकरण से बचने के लिये समय पर जमा करवाने का परामर्श दिया जाता है। यह भी परामर्श दिया जाता है कि इसके उपरांत कोई आगामी विस्तार नहीं दिया जाएगा।

यह घोषणा एचपीएससी की वेबसाइट अर्थात् hpsc.gov.in और www.hpsconline.in पर भी उपलब्ध है।

हस्ता/- सचिव
दिनांक : 07.09.2018 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला
पीआरडीएच-1156/11/436/1819/71333 दि. 07.09.18

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
(www.hssc.gov.in)

विज्ञा. सं. 4/2015 श्रेणी सं. 01 विद्यालय शिक्षा विभाग हरियाणा के तहत पीजीटी बायोलॉजी के पद हेतु साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा के लिये उम्मीदवारों को सूचना

सभी सम्बन्धित उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि आयोग ने विज्ञा. सं. 4/2015 श्रेणी सं. 01 विद्यालय शिक्षा विभाग हरियाणा के तहत पीजीटी बायोलॉजी के पद हेतु साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा 21.09.2018 को आयोजित करने का निर्णय लिया है।

2. उम्मीदवारों को साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट www.hssc.gov.in से 18.09.2018 को या उसके उपरांत डाउनलोड करने और आयोग कार्यालय बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला में निर्धारित तिथि को पूर्वा. 9.00 बजे उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है। उन्हें सभी मूल दस्तावेज, सभी दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों के एक सैट और डाउनलोडेड आवेदन प्रपत्र की स्व-सत्यापित प्रति लाने के लिये निर्देश भी दिया जाता है।

3. यदि कोई उम्मीदवार साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा हेतु 21.09.2018 को उपस्थित नहीं होता तो इसके पश्चात् उसे पुनः कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।

स्थान : पंचकूला हस्ता/- सचिव,
दिनांक : 06 सितम्बर 2018 हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला
पीआरडीएच-1159/11/865/1819/71329 दि. 07.09.18

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
(www.hssc.gov.in)

विद्यालय शिक्षा विभाग हरियाणा के विज्ञा. सं. 4/2015 श्रेणी सं. 06 के तहत पीजीटी भूगोल (शेष हरियाणा) के पद हेतु दस्तावेजों की संवीक्षा के लिये सूचना

पूर्व सूचनाओं दिनांक 06.02.2017 और 12.11.2017 की निरंतरता में आयोग ने विद्यालय शिक्षा विभाग हरियाणा के विज्ञा. सं. 4/2015 श्रेणी सं. 06 के तहत पीजीटी भूगोल (शेष हरियाणा) के पद हेतु उन उम्मीदवारों को, जिन्हें एचटीईटी अथवा किसी अन्य कारण अथवा 25.04.2017 से 26.04.2017 तक पूर्व में आयोजित दस्तावेजों की संवीक्षा में अनुपस्थित रहने के कारण अयोग्य घोषित किया गया था, दस्तावेजों की संवीक्षा हेतु बुलाने का निर्णय लिया है। ऐसे उम्मीदवारों के दस्तावेजों की संवीक्षा 20.09.2018 को आयोजित की जाएगी। ऐसे उम्मीदवारों की अनुक्रमांक दिखाते हुये सूची आयोग की वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर उपलब्ध है।

यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि दस्तावेजों की संवीक्षा के उपरांत यदि कोई उम्मीदवार विज्ञापन के अनुसार पात्र पाया जाता है तो यह उसे साक्षात्कार हेतु कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगा और केवल रिक्तियों की संख्या के दोगुना में आने वाले उम्मीदवार ही साक्षात्कार हेतु बुलाये जाएंगे। **यद्यपि, जो उम्मीदवार पहले ही पात्र पाये गये हैं उन्हें दस्तावेजों की संवीक्षा हेतु पुनः आने की आवश्यकता नहीं है।**

उम्मीदवारों को निर्धारित तिथि को पूर्वा. 9.00 बजे आयोग के कार्यालय बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला में उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है। उन्हें सभी मूल दस्तावेज, सभी दस्तावेजों की सत्यापित प्रति का एक सैट और डाउनलोडेड आवेदन प्रपत्र की स्व-सत्यापित प्रति लाने का भी निर्देश दिया जाता है।

यदि कोई उम्मीदवार दस्तावेजों की संवीक्षा के लिये उपस्थित नहीं होता / होती है तो मौखिक परीक्षा / साक्षात्कार हेतु विचार नहीं किया जाएगा और इसके पश्चात् आगे कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

टिप्पणी :- अन्य नियम व शर्तें विज्ञा. सं. 4/2015, श्रेणी सं. 06 के तहत पीजीटी भूगोल (शेष हरियाणा) के पद हेतु दस्तावेजों की संवीक्षा की पूर्ववर्ती सूचना में वर्णित अनुसार यथावत् हैं।

स्थान : पंचकूला हस्ता/- सचिव,
दिनांक : 06 सितम्बर 2018 हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला
पीआरडीएच-1159/11/864/1819/71328 दि. 07.09.18

एएनएस इंडस्ट्रीज लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : 136 किमी., जी.टी. रोड, गांव व डा. शामगढ़, करनाल (हरियाणा)
मुख्य कार्या. : 144/2, आश्रम, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110014 CIN: L15130HR1994PLC032362,
E-mail : ansagro.limited@gmail.com, Website : www.ansfoods.com,

24वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर और दूरस्थ ई-वोटिंग जानकारी की सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये कम्पनी की 24वीं वार्षिक सामान्य बैठक शुक्रवार, 28 सितम्बर 2018 को पूर्वा. 11.30 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में 136 किमी., पीओ- शामगढ़, जिला करनाल हरियाणा-132116 में आयोजित की जाएगी।

वर्ष 2017-18 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित सम्पादित किये जाने वाले बिजनेस का वर्णन करते हुये उक्त सूचना की प्रतियां शेयरधारकों को फिजिकली भेज दी गई हैं और उन शेयरधारकों जिनके ई-मेल आईडी आरटीए / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत हैं, को इलैक्ट्रोनिकली भेजी जाएंगी, वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना का प्रेषण 04 सितम्बर 2018 को पूर्ण कर लिया गया है।

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर अपेक्षाएं) नियमनों 2015 के नियमन 42 के प्रावधानों के तहत, एतद् द्वारा यह भी सूचना दी जाती है कि कम्पनी की आगामी वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजन हेतु कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स 22 सितम्बर 2018 से 28 सितम्बर 2018 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

इसके अतिरिक्त कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2015 के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर अपेक्षाएं) नियमन 2015 के नियमन 44 के प्रावधानों के तहत कम्पनी इसके शेयरधारकों को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के माध्यम से एजीएम सूचना में निर्धारित बिजनेस के सम्बन्ध में एजीएम के स्थान के अलावा अन्य स्थान से अपना मत दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से देने के अधिकार की सुविधा प्रदान करने के लिये प्रसन्न है। विवरण यहां नीचे दिया गया है :

ई-वोटिंग अवधि मंगलवार, 25 सितम्बर 2018 को पूर्वा. 9.00 बजे आरम्भ होगी और बृहस्पतिवार 27 सितम्बर 2018 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान या तो भौतिक रूप से या डिमैटिरलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले शेयरधारक अपना मत इलैक्ट्रोनिक रूप से दे सकते हैं और उपरोक्त तिथि और समय के उपरांत दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

एजीएम के स्थल पर अथवा दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा मतदान करने के लिये पात्रता सुनिश्चित करने हेतु कट ऑफ तिथि 21 सितम्बर 2018 है।

यदि कोई व्यक्ति शेयर अर्जन कर चुका है और सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट ऑफ तिथि के अनुसार शेयरधारण करता है, ई-मेल आईडी evoting@nsdl.co.in या sm@masserv.com / info@masserv.com पर आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड भी प्राप्त कर सकता है। यदि आप पहले से ही एनएसडीएल के पास पंजीकृत हैं तो शेयरधारकों को अपना मत देने के लिये अपना मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए।

ई-वोटिंग के सम्बन्ध में किसी शिकायत, पूछताछ या मामले के सम्बन्ध में आप बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यूएस") और हैल्प सेक्शन के तहत www.evotingnsdl.com पर उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in को ई-मेल लिख सकते हैं या निम्नलिखित टोलफ्री नं. 1800-222-990 पर कॉल कर सकते हैं या श्री श्रवण मंगला (महाप्रबंधक) एमएएस सर्विसेज लि. (आरटीए) लिमिटेड, टी-34, द्वितीय तल, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020, सम्पर्क नं. 011-26387281 / 82 / 83, मेल आईडी - info@masserv.com./ sm@masserv.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कोई भी सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मत देने के लिये अपने अधिकार का प्रयोग करने के पश्चात् भी एजीएम में भाग ले सकता है परन्तु एजीएम में दोबारा मत देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

कम्पनी बैठक में उपस्थित सदस्यों हेतु बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग भी प्रदान करेगी, जो दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा का लाभ ले कर अपने मत नहीं देते हैं।

भौतिक रूप में शेयरधारण करने वाले शेयरधारकों से कम्पनी / आरटीए (एमएएस सर्विसेज लि.) के रिकार्ड में अपने बैंक विवरण, पैन, ई-मेल आईडी, मोबाइल नं. उपलब्ध करवाने / अद्यतन करवाने का आग्रह किया जाता है।

भौतिक रूप में सूचीकृत सिक्योरिटीज, सेबी अधिसूचना सेबी /एलएडी-एनआरओ/जीएन/2018/24 दिनांक 08 जून 2018 के सम्बन्ध में 05 दिसम्बर 2018 से प्रभावी हस्तांतरित नहीं किये जाएंगे (सिक्योरिटीज के ट्रांसमिशन और ट्रांसपोजिशन के मामले को छोड़कर). अतः आपके हित में, यह परामर्श दिया जाता है कि शीघ्रातिशीघ्र अपने फिजिकल शेयर्स को डिमैट फॉर्म में परिवर्तित करवा लें। इस प्रयोजन हेतु कम्पनी का ISIN INE234J01018 है।

बैठक की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.ansfoods.com और एनएसडीएल (www.evoting.nsdl.com) पर भी उपलब्ध है।

कृते एएनएस इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता/-
(मनोज मिश्रा)
कम्पनी सचिव
एसीएस-18801

दिनांक : 06.09.2018
स्थान : नई दिल्ली